भारतीय जनता पार्टी

(केन्द्रीय कार्यालय)
11, अशोक रोड, नई दिल्ली – 110001
फोन : 23005700; **फैक्स :** 23005787

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, श्री मुख्तार अब्बास नकवी का प्रेस वक्तव्य

नई दिल्ली 13 दिसम्बर 2013 – भारतीय जनता पार्टी के उपाध्यक्ष एवं केन्द्रीय कार्यक्रम–समन्वय प्रभारी श्री मुख्तार अब्बास नकवी ने बताया कि लौहपुरूष सरदार पटेल की पुण्य–तिथि 15 दिसम्बर को राष्ट्रीय एकता, गौरव एवं सुराज के संकल्प के साथ होने वाले ''**रन फॉर युनिटी**'' कार्यक्रम में भाजपा भागीदारी करेगी।

श्री नकवी ने बताया कि भाजपा के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार, गुजरात के मुख्यमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित सरदार पटेल की विश्व की सबसे बड़ी प्रतिमा के निर्माण हेतु लौह संग्रहण एवं मिट्टी संग्रहण कार्यक्रम के शुभारम्भ से पूर्व देश भर के सभी स्थानों पर ''**रन फॉर यूनिटी**'' कार्यक्रम होगा, जिसमें सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, खेल एवं कला से जुड़े सभी क्षेत्रों के लोग भागीदारी करेंगें। सभी स्थानों पर ''**रन फॉर यूनिटी**'' दौड़ 02 कि0मी0 तक होगी।

श्री नकवी ने बताया कि भाजपा के सभी प्रमुख राष्ट्रीय नेता, मुख्यमंत्री, प्रान्तीय नेता, जिला एवं उसके नीचे की ईकाई के कार्यकर्ता, सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधि ''**रन फॉर यूनिटी**'' **एवं लौह संग्रहण–मिट्टी संग्रहण कार्यक्रम** में भाग लेगें। सम्पूर्ण देश के हर व्यक्ति व गॉव का साथ लेकर उनकी भागीदारी के साथ इस ''**राष्ट्रीय तीर्थ**'' का निर्माण होगा, जो एक एकात्म भारत का गौरव एवं प्ररेणा स्थल साबित होगा।

श्री नकवी ने बताया कि गुजरात के सरदार सरोवर बॉध पर लौह पुरूष सरदार पटेल की संसार की सबसे उॅची प्रतिमा बनेगी, जो अमेरिका के स्टैच्यू ऑफ लिबर्टि से दूगनी उॅची होगी। सरदार पटेल ने देश को 565 रियासतों को एकता के सूत्र में पिरोया इसलिये इसे ''**स्टैच्यू ऑफ यूनिटी**'' का नाम दिया गया है। यह गुजरात के मुख्यमंत्री और भावी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट है। सरदार के व्यक्तितत्व के अनुरूप इसकी उॅचाई 182 मीटर यानी 600 फुट अर्थात् 60 मंजिल के बराबर जबकि स्टैच्यू ऑफ लिबर्टि की उॅचाई 93 मीटर है।

श्री नकवी ने बताया कि इस मिशन से पूरे देश को जोड़ने के लिए श्री नरेन्द्र मोदी की ओर से सभी सरपंचो को पत्र भेजा गया है, सरदार वल्लभ भाई पटेल राष्ट्रीय एकता ट्रस्ट की ओर से विधालय में निबन्ध, भाषण व पेंटिग प्रतियोगिताओं का आयोजन हो रहा है, जिला स्तारों पर लोक गीत प्रतियोगिताएँ होगी, जो सरदार के जीवन, राष्ट्रीय एकता, सुराज पर श्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों को लेकर होगी।

श्री नकवी ने बताया कि इस अभियान के तहत एक हस्ताक्षर याचिका बनी है, नगरों एवं गॉवों में सब लोगों उस पर हस्ताक्षर उस पर करेगें, जिससे देश के कोटी–कोटी जन इससे जुड़ा महसूस करे। 16 से 26 जनवरी के मध्य हम प्रत्येक गॉव से समारोह पूर्वक, गॉव की पवित्र मिट्टी, लोहे का किसान द्वारा उपयोग किया हुआ टुकड़ा तथा गॉव मुख्यिा का चित्र लेकर आयेगें।

लोह संग्रहण के राष्ट्रीय कोर्डीनेटर श्री ओम प्रकाश धनकड़ ने बताया कि प्रत्येक गॉव में हमारी टीम जायेगी, गीत संगीत, ढ़ोल नगाड़े, पूरे गॉव के महिला पुरूष अपने गॉव के लौह अंश व मिट्टी भावपूर्ण वातावरण में विदा करेगे। यह सामग्री एकत्रित करने की हर गॉव की किट हमारी जिला कमेटी के पास सरदार वल्लभ भाई पटेल राष्ट्रीय एकता ट्रस्ट की ओर से आ रही है। समस्त गॉवों की लौह सामग्री अब जिला केन्द्र पर एकत्रित हो जायेगी तब गुजरात से सुसज्जित वाहन समारोह पूर्वक लेने आयेंगे। जिन्हे हमें हजारों की संख्या में इक्कठे होकर विदाई देगें।

श्री ओम प्रकाश धनकड़ ने बताया कि इस अभियान की सभी जानकारी के लिये लोग टोल फ्री नम्बर 18002333110 तथा www.runforunity.com और www.statueofunity.in बेबसाईट शुरू की गई है। श्री नरेन्द्र मोदी के राष्ट्रीय एकता के इस महान सपने से जुड़ने के लिये सब लोग 08000980009 डायल कर सकते है।

श्री नकवी ने बताया कि पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री लालकृष्ण आडवाणी अहमदाबाद एवं श्री नरेन्द्र मोदी बड़ौदा, श्री राजनाथ सिंह, श्री अरूण जेटली, डा0 मुरली मनोहर जोशी, श्री राम लाल जी दिल्ली में रहेगें। श्रीमती सुषमा स्वराज भोपाल (मध्य प्रदेश) में, श्री एम. वैंकेया नायडू, श्री गोपीनाथ मुण्डे मुम्बई, श्री नितिन गड़करी नागपुर में रहेगें। श्री अनन्त कुमार बैंगलूरू, श्री थावर चन्द्र गहलौत इन्दौर, श्री मुख्तार अब्बास नकवी आगरा, श्री यशवन्त सिन्हा औरंगाबाद, श्री रविशंकर प्रसाद, श्री सुशील कुमार मोदी एवं श्री धर्मेन्द्र प्रधान पटना, श्री अमित शाह हरियाणा, श्री पुरूषोत्तम भाई रूपाला (बिहार), श्री मुरलीधर राव लखनऊ, श्री राजीव प्रताप रुडी पंजाब, श्री प्रकाश जावेड़कर हैदराबाद, श्री पियूष गोयल बैंगलूरू, श्री विनय कटियार कानपुर, श्री एस0 एस0 अहलूवालिया असम, श्री बलवीर पुंज मेरठ, श्री चन्दन मित्रा उड़ीसा, श्री भूपेन्द्र यादव जयपुर, श्रीमती निर्मला सितारमन तमिलनाडु, श्रीमती स्मृति ईरानी पं0 बंगला, श्रीमती मीनाक्षी लेखी केरल, श्री कलराज मिश्र गाजियाबाद, कैप्टन अभिमन्यु पुद्दुचेरी, श्री श्याम जाजू अण्डमान–निकोबार, श्रीमती सरोज पाण्डे रायपुर, श्री अनुराग ठाकुर जम्मू, श्री ओम प्रकाश धनकड़ चण्डीगढ़, श्रीमती पूनम महाजन मुम्बई, श्री किरन रिज्जू, श्री रमन डेका, एवं श्री तापिर गॉव अरूणाचल प्रदेश श्रीमती विजया चक्रवर्ती गोवाहाटी, श्री अनिल जैन दिल्ली, श्री लक्ष्मी कान्त बाजपेयी वाराणसी,श्री के. लक्ष्मण कर्नाटक, श्री हुकुम देव यादव हरियाणा, श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह इलाहाबाद, श्री श्रीकान्त शर्मा मथुरा, श्री सरयू राय रॉची, श्री विजय पाल तोमर मुरादाबाद में रहेगें।

श्री इसके अतिरिक्त अन्य वरिष्ठ नेता भी देश के अलग–2 भागों में होने वाले कार्यक्रमों में भागीदारी करेगें।

(इजी. अरुण कुमार जैन)
कार्यालय सचिव